अस्पताल की आपसी खींचतान मरीजों को पड़ रही भारी

समय में नहीं बैठते डॉक्टर, परामर्श लेने के लिए मरीजों को करना पड़ता घंटों इंतजार, पीने मिल रहा गर्म पानी

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिला अस्पताल इन दिनों खुद बीमार नजर आ रहा है। अस्पताल प्रबंधन के बड़े-बड़े दावों के विपरीत जमीनी हकीकत यह है कि यहां आने वाले गरीब और बेबस मरीज बुनियादी सुविधाओं और सही समय पर इलाज के लिए परेशान हो रहे हैं। अस्पताल के गलियारों में डॉक्टरों के इंतजार में जमीन पर बैठे और कतारों में खड़े परेशान मरीजों की भीड़ यहां के लचर और बेपटरी हो चुके सिस्टम की गवाही दे रही है। अस्पताल की यह स्थिति जब है, तब जिलाअस्पताल में आपसी खींचतान चरम पर पहुंच गई और अब खुलकर लोगों के सामने आ चुकी है।

दरअसल अस्पताल प्रबंधन ने डॉक्टरों और स्पेशलिस्टों के लिए ओपीडी का समय निर्धारित तो कर रखा है, लेकिन धरातल पर इसका पालन नहीं हो रहा है। दूर-दराज के गांवों से आने वाले गरीब मरीज सुबह से ही लाइन में लग जाते हैं, लेकिन निर्धारित समय

होने के बावजूद विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी कुर्सियों से नदारद रहते हैं। यहां तर्क दिया जाता है कि साहब अभी उठे है, तो वहीं डॉक्टरों के रूम के बाहर खड़े मरीजों ने बताया कि वह करीब घंटे भर से चिकित्सकों के आने का इंतजार कर रहे है, लेकिन वह नहीं आए। यहां घंटो के इंतजार के बाद जब चिकित्सक पहुंचे तब जाकर मरीजों को परामर्श मिलने के साथ ही दवा मिल सकी। वहीं अस्पताल में इलाज कराने आए लोगों का कहना था कि यहां कोई सुध लेने वाला नहीं है। भीषण तपन में ठंडे पानी के लिए बाहर भटकना पड़ता है और डॉक्टर साहब कब बैठेंगे, इसकी जानकारी देने वाला भी नहीं।

आंतरिक खींचतान में पीस रहे मरीज :

उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल के भीतर लंबे समय से आंतरिक खींचतान चली आ रहीं है, जो अब खुलकर सामने आ चुकी है। एक तरफ जहां अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक रवैये से डॉक्टर परेशान हैं, वहीं दूसरी तरफ डॉक्टरों की इस बेरुखी और अनुपस्थिति के कारण आम मरीज पूरी तरह परेशान और बेहाल नजर आ रहे है। यदि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल के इस कुप्रबंधन पर जल्द ही कड़ा संज्ञान नहीं लिया, तो स्थिति और ज्यादा भयावह हो सकती है।

दिखावा साबित हो रहे वॉटर कूलर

अस्पताल परिसर में मरीजों को ठंडे पानी की सुविधा देने के नाम पर कई वाटर कूलर तो मंगाए गए हैं, लेकिन वे सिर्फ शो-पीस बने हुए हैं। इस भीषण गर्मी में भी कूलर चालू न होने या खराब होने के कारण मरीज और उनके अटेंटरों को गर्म पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। यह सबसे दिलचस्प बात ये है कि एक ओर प्रबंधन द्वारा अस्पताल के लिए वॉटरकूलर मंगवाए जाते है, तो वहीं कई दानदाताओ द्वारा भी मरीजों को ठंड जल मिल सके, इसके चलते वॉटरकूलरों को दान किया जाता है, लेकिन इसके बाबजूद भी नहीं भीषण गर्मी में गला तर करने के लिए इधर-उधर भटकते हुए नजर आते है। यहा गनीमत यह है कि अस्पताल के बाहरी तरफ एक प्याऊ संचालित हो रहीं है, जिससे यहां आने वाले मरीज और उनके परिजन पानी पीकर अपना गल तर कर रहे है।

इनका कहना है।

मैं जरूरी काम से बाहर आया हूं, अब आरएमओ साहब से बात कर ले। जब डॉ. आरएमओ डॉ. बीएल टैगोर को कॉल किया गया, तो उन्होंने फोन की रिसीव नहीं किया।

डॉ.भूपेंद्र शेखावत, सिविल सर्जन जिलाचिकित्सालय अशोकनगर

पुलिस गिरफ्त में आया दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन कराने वाला

पुलिस ने 24 घंटे में किया आरोपी को गिरफ्तार

युवती को मौसी व अन्य रिश्तेदारों ने बहकाया था

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। महिला संबंधी गंभीर अपराधों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए चंदेरी पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। चंदेरी पुलिस ने दुष्कर्म और जबरन धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के मामले में मुख्य आरोपी को रिपोर्ट दर्ज होने के महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। यह त्वरित कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के कुशल निर्देशन में की गई है।

दरअसल पीड़िता ने 5 जून को चंदेरी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, वह 14 मई 2026 को अपनी मौसी की बेटी के विवाह समारोह में शामिल होने आई थी। इस दौरान उसकी दूसरी मौसी सुनीता, उसकी बेटी शिवानी और उनके पड़ोसी अल्ताफ ने पीड़िता पर मुस्लिम धर्म अपनाने और अल्ताफ से शादी करने का मानसिक दबाव बनाया। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। उसी रात सुनीता और शिवानी की मदद से आरोपी अल्ताफ ने पीड़िता के कमरे में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित एक्शन लिया और मुख्य आरोपी अल्ताफ खान उम्र 26 वर्ष, निवासी लाल बाबड़ी चंदेरी को अशोकनगर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस त्वरित कार्रवाई में चंदेरी थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत यादव, उप निरीक्षक कदम सिंह मीना, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र कुमार सहित आरक्षक योगेंद्र, विष्णु, आनंद और महिला आरक्षक रौली राजा चौहान की मुख्य भूमिका रही।

अन्य की तलाश जारी :

पुलिस ने आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता BNS धारा 64(1), 64(2)(एफ), 70(1), और 351(3) म.प्र. धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, 2021 की धारा 3 एवं 5 के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं मामले में नामजद अन्य दो महिला आरोपी (सुनीता और शिवानी) फिलहाल फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार तलाश की जा रही हैं।

एक नजर में

विश्व पर्यावरण दिवस पर म्यापुर में किया गया पौधारोपण

अशोकनगर। मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड शाढ़ौरा सेक्टर 05 अंतर्गत ग्राम म्यापुर में नवांकुर संस्था जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति म्यापुर एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति म्यापुर के सचिव विवेक कुमार रघुवंशी एवं ग्रामवासी किशन , सुनील प्रजापति, मोहर सिंह प्रजापति, विजय आदिवासी, बलराम रघुवंशी, उमेश हरिजन, बुजुर्ग पूरन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अवैध शराब के साथ युवक पकड़ाया

अशोकनगर। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी लाल सिंह अहिरवार उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम मारूप को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हाथभट्टी की बनी 5 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत 750 रुपये है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पड़ोसी ने की मारपीट

अशोकनगर। देहात थाना अंतर्गत ग्राम तरावली में एक व्यक्ति के साथ गांव के ही व्यक्ति ने मारपीट कर दी, जिसमें वह घायल हो गया। पीड़ित प्रदीप अहिरवार उम्र 44 वर्ष ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके घर के सामने रहने वाले पड़ोसी गुड्डा अहिरवार ने पुरानी रंजिश के चलते उसे अश्लील गालियां दीं। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी गई।

रास्ता रोककर की मारपीट

अशोकनगर। देहात थाना क्षेत्र के अंर्तगत नया बस स्टेण्ड पर एक युवक के साथ दूसरे युवक ने मारपीट कर दी, जिसमें वह घायल हो गया है। सानू पिता इस्माइल खान निवासी मुस्कान गार्डन के पीछे ने पुलिस को बताया कि आरोपी साजिद खान ने उसका रास्ता रोका और गाली-गलौज करने लगा। जब पीड़ित ने विरोध किया, तो आरोपी ने उसे बेरहमी से पीटा और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। जिसके बाद उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

3 लीटर हाथ भट्टी शराब के साथ एक गिरफ्तार

अशोकनगर। देहात थाने के सहायक उप निरीक्षक वाजिद खान ने शंकर कॉलोनी के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध को दबोचा। आरोपी राजेंद्र सिंह सिक्ख 35 वर्ष, निवासी शंकर कॉलोनी के पास से एक प्लास्टिक केंन में 3 लीटर अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत 450 आंकी गई है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

मुनिश्री पर अभद्र टिप्पणी से जैन समाज में आक्रोश

सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर सकल जैन समाज में पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। सोशल मीडिया पर दिगंबर जैन संतों के खिलाफ की जा रही अमर्यादित और घृणित टिप्पणियों को लेकर शनिवार को सकल जैन समाज का गुस्सा फूट पड़ा। श्री दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के बैनर तले समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पिछले कुछ दिनों से व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दिगंबर जैन संतों, विशेषकर संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्री सुधासागर महाराज के खिलाफ कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अत्यंत अशोभनीय और घृणित टिप्पणियां की जा रही हैं। तीन-चार दिन पूर्व एक बेहद आपत्तिजनक संदेश देश भर के विभिन्न जैन ग्रुपों में वायरल हुआ था, जिससे जैन समाज की धार्मिक भावनाएं गहरे रूप से आहत हुई हैं।

सागर से जुड़े रहे मामले के तार:

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के अध्यक्ष राकेश कांसल एवं अन्य सदस्यों की सजगता से 3 जून को ही अशोकनगर पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी (FIR) दर्ज करा दी गई थी। जब पुलिस की साइबर सेल द्वारा की गई शुरुआती जांच के तार सागर जिले से जुड़े पाए गए हैं, जहां कुछ मुस्लिम युवकों के नाम इस मामले में सामने आए हैं। वहीं जांच में सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि पकड़े गए संदिग्धों ने पूछताछ में जैन समाज से ही जुड़े कुछ स्थानीय लोगों के नाम बताये है।

शराब के लिए पैसे न देने पर युवक से मारपीट, दुकान में की तोड़फोड

मारपीट में युवक हुआ घायल

दुकान में हुआ करीब डेढ़ लाख का नुकसान

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। कोतवाली पुलिस ने पैसे के विवाद में एक दुकानदार पर जानलेवा हमला करने वाले चार नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी प्रदीप बाल्मीकि उम्र 23 वर्ष, निवासी शंकरपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दुष्यंत पहिार, कुबेर पुरी, अमन केवट और बिल्ले गुर्जर ने उससे शराब पीने के लिए रुपयों की मांग की। पैसे देने से मना करने पर आरोपियों ने उसे जातिसूचक गालियां दीं और धारदार हथियार व लाठियों से हमला कर सिर में गंभीर चोटें पहुंचाईं। आरोपियों ने पीड़ित की दुकान में तोड़फोड़ कर करीब डेढ से दो लाख रुपये का नुकसान हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस और एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओ के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गौर करने वाली बात ये है कि इस तरह का अजब मामला पहले भी देखने को मिल चुका है।

पौधारोपण को बनाया जाए जन आंदोलन : खत्री

आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक संपन्न

संभागायुक्त ने दिये अधिकारियों को निर्देश

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में ग्वालियर संभाग के जिलों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की समीक्षा हेतु संभागायुक्त ग्वालियर मनोज खत्री ने शनिवार को गूगल मीट के माध्यम से बैठक ली। बैठक में संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, पीआरओ एवं संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए। संभागायुक्त श्री खत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण गतिविधियों, जनजागरूकता कार्यक्रमों तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अन्य आयोजनों की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कार्यक्रमों की प्रगति, जनसहभागिता तथा प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी ली। बैठक में श्री खत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित न रहकर जनआंदोलन का स्वरूप ग्रहण करे। उन्होंने सभी जिलों को पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखरेख सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जल स्रोतों के संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त वातावरण और स्वच्छता संबंधी गतिविधियों को निरंतर जारी रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नवाचार आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में जिलों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किए गए कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की गई। जिला स्तरीय पर गूगल मीट के माध्यम से कलेक्टर साकेत मालवीय, जिप सीईओ राजेश जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

शिव टोरिया पर 100 से अधिक पौधों का रोपण

पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

नपा परिसर में गूंजा योग का संदेश

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। नगर पालिका परिषद द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण और जन-स्वास्थ्य को समर्पित एक भव्य संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दोहरे उत्सव के तहत जहां एक ओर शहर को हरा-भरा बनाने के लिए व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया गया, वहीं दूसरी ओर नागरिकों को निरोगी रहने का संदेश देते हुए योग सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने नागरिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि पौधरोपण केवल एक औपचारिकता नहीं है। हर व्यक्ति का यह नैतिक कर्तव्य है कि वह लगाए गए पौधे की अपने बच्चे की तरह देखभाल करे, ताकि वे सुरक्षित रहकर भविष्य में विशाल वृक्ष बन सकें। नगर पालिका के इस दोहरे और अनूठे प्रयास ने शहरवासियों को पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के प्रति सजग रहने का एक बेहतरीन और सकारात्मक संदेश दिया है।

शिव टोरिया पर वृहद पौधारोपण अभियान :

पर्यावरण को सहेजने के संकल्प के साथ श्री शिव टोरिया परिसर में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया की उपस्थिति में 100 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित अतिथियों और कर्मचारियों ने इन पौधों के जीवित रखने और उनके संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम में वरिष्ठ पार्षद महेंद्र भारद्वाज, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, पार्षद विपिन तिवारी, गोपाल ओझा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

योग से निरोगी काया का संकल्प :

हरियाली की खुशबू के बीच, नगर पालिका परिसर में एक विशेष योग सत्र का भी आयोजन हुआ। इसमें नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, डॉ. जयमंडल यादव, शालिनी योगेश खेरा सहित अन्य पार्षदों और अतिथियों ने हिस्सा लिया। सभी ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम कर मानसिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

धर्म-कर्म

भक्ति के रंग में रंगा क्षेत्र, आसपास से कथा सुनने पहुंचे रहे श्रद्धालु

महिदपुर में 21 कुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ में दिखेगा अयोध्या-वृंदावन के संतों समागम

नवभारत न्यूज

अशोकनगर/नईसराय। इन दिनों ग्राम महिदपुर में आस्था, अध्यात्म और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। पूज्य महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री पुरुषोत्तम दास महाराज के पावन सानिध्य एवं श्री तला वाले हनुमान जी महाराज के संरक्षण में आयोजित 21 कुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ, विराट संत सम्मेलन एवं संगीतमय श्रीराम कथा अपने भव्य और दिव्य स्वरूप में निरंतर जारी है। इस विशाल धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ उठा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि यह विशाल धार्मिक महोत्सव राष्ट्रीय संत श्री पुरुषोत्तम दास महाराज की कृपा-पात्र शिष्य परंपरा के महंत श्री 108 महावीर दास जी महाराजके अथक प्रयासों, समस्त ग्रामीणों, भक्तों एवं क्षेत्रवासियों के सामूहिक सहयोग से सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है।

आयोजन समिति ने बताया कि आगामी दिनों में आयोजित होने वाले विराट संत सम्मेलन में देशभर के कई जगद्गुरु, महामंडलेश्वर और प्रतिष्ठित महंत शिरकत करेंगे, जिनकी तैयारियों को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। इस समागम में मुख्य रूप श्री महंत कमलनयन दास महाराज श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या के अध्यक्ष परम पूज्य श्री श्री महंत नृत्य गोपाल दास महाराज के उत्तराधिकारी (मणिराम दास छावनी, अयोध्या धाम)। जगद्गुरु सुतीक्ष्ण दास देवाचार्य जी महाराज वृंदावन की पावन भूमि स्थित सुदामा कुटी से एवं जगद्गुरु विजय रामदेवाचार्य जी (भैया जी महाराज), विष्णु स्वामी संप्रदायाचार्य शामिल हो सकते है।

जगद्गुरु रामदिनेशाचार्य के श्रीमुख से बह रही श्रीराम कथा की रसधार :

इस धार्मिक अनुष्ठान में आकर्षण का केंद्र बनी संगीतमय श्रीराम कथा है, जिसका रसपान अयोध्या धाम से आए परम पूज्य जगद्गुरु रामानंदाचार्य श्री रामदिनेशाचार्य महाराज करा रहे हैं। कथा व्यास द्वारा भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, त्याग और भक्ति के प्रसंगों का ऐसा भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है कि संपूर्ण क्षेत्र राममय और भक्तिमय हो उठा है।

जगत कल्याण के लिए दी जा रहीं आहूतियां :

महिदपुर में चले रहे श्रीराम महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन श्रद्धालुओं द्वारा जगत कल्याण के हजारों आहूतियां दी जा रहीं है।

कार्यालय तहसीलदार तहसील व जिला अशोकनगर

क्र /री0-1/2026/1368
अशोकनगर, दिनांक 01/06/2026
//विज्ञप्ति //

एतद द्वारा सर्वे साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्रसिह पुत्र फूलसिह जाति यादव निवासी ग्राम पीपलखेडा तहसील व जिला अशोकनगर मप्र द्वारा भूमि स्थित ग्राम पीपलखेड़ा के सर्वे क्र. 122, 127, 129, 125/1, 125/2, हे. भूमि पर बटवारा एवं बटांकन किये जाने हेतु इस न्यायालय का प्रकरण क्र. 0253/अ-27/2025-26 से प्रचलित है।

अत: उक्त प्रचलित प्रकरण बटवारा बटांकन में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो वह प्रकरण मे नियत दिनांक 10/06/2026 तक अपनी आपत्ति स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद गुजरने के उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह विज्ञप्ति पत्र दिनांक 01/06/26 के मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील अशोकनगर